उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

UTTARAKHAND PUBLIC SERVICE COMMISSION

संख्याः: 69 / 01 / विविध / ई–05 / 2022–23 दिनाँक :: 29 अक्टूबर, 2022

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा समूह–'ग' के अन्तर्गत **''राजस्व उप निरीक्षक (पटवारी / लेखपाल) परीक्षा–2022''** एवं उत्तराखण्ड वन विभाग के अन्तर्गत **''वन आरक्षी परीक्षा–2022''**के प्रकाशित विज्ञापन क्रमशः दिनांक 14.10.2022 व 21.10.2022 के क्रम में ऑनलाईन आवेदन पत्र स्वीकार किये जाने की अन्तिम तिथि क्रमशः 04.11.2022 एवं 11.11.2022 निर्धारित है।

उक्त प्रकाशित विज्ञापनों में भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अभ्यर्थियों की शैक्षिक अर्हता में समकक्षता / छूट हेतु निर्गत शासनादेश सं0–38(1) / XXX (2) / 2021–30(21) / 2018, दिनांक 18.02.2021 के प्रस्तर–1 में उल्लिखित **'ऐसे भूतपूर्व सैनिक जो मैट्रीकुलेट हों तथा इण्डियन स्पेशल आर्मी सर्टिफिकेट ऑफ एजुकेशन या नौ सेना / वायु सेना में समकक्षीय सर्टिफिकेट प्राप्त किये हो तथ संघ की सशस्त्र सेना में कम से कम 15 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, को उनके लिए आरक्षित सिविल पदो ंके समूह–'ग' की उन सेवाओं / पदों के लिए अर्ह माना जायेगा, जिनके लिये न्यूनतम शैक्षिक अर्हता स्नातक निर्धारित हो, परन्तु जहॉु उनके लिये तकनीकी या व्यावसायिक अनुभव अनिवार्य न हो या जहॉ गैर तकनीकी व्यावसायिक कार्य अनुभव अनिवार्य हो'** के आलोक में आयोग द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त ऐसे भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को **शैक्षिक अर्हता में स्नातक की समकक्षता सम्बन्धी छूट** प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

उक्त के दृष्टिगत **''राजस्व उप निरीक्षक (पटवारी / लेखपाल) परीक्षा–2022''** के सम्बन्ध में प्रकाशित विज्ञापन दिनांक 14.10.2022 के क्रम में ऑनलाईन आवेदन पत्र स्वीकार किये जाने की अन्तिम तिथि को दिनांक 10.11.2022 तक विस्तारित किया गया है।

''राजस्व उप निरीक्षक (पटवारी / लेखपाल) परीक्षा–2022'' एवं उत्तराखण्ड वन विभाग के अन्तर्गत प्रकाशित **''वन आरक्षी परीक्षा–2022''** के प्रकाशित विज्ञापन क्रमशः दिनांक 14.10.2022 व 21.10.2022 में उल्लिखित अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

-Sd-

(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।